नाथूराम वल्द मुनिया चढ़ार
निवासी ग्राम पुछि तहसील मोहनगढ़
जिला टीकमगढ़ म०प्र०

--- आवेदक

विरुद्ध

1- मुस० रतीबाई बेवा रामेश्वर बेड़िया
2- श्यामबाई पुत्री बेनी बेड़िया
3- रामप्रसाद वल्द गोपाल चढ़ार
4- गनेशा वल्द हल्काईया अहिरवार
निवासी ग्राम पुछि तहसील मोहनगढ़
जिला टीकमगढ़ म०प्र०

--- अनावेदकगण

R 2014

...नगर, सागर सम्भाग, (म. प्र.)

(7)

XXXIX(a)BR(H)-11

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

प्रकरण कमांक निग. 1201—तीन / 14 जिला — टीकमगढ़

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदे ा	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
11—11—14	प्रकरण का अवलोकन किया एवं आवेदक अधिवक्ता के तर्कों पर विचार किया । यह निगरानी अधीनस्थ न्यायालय के आदेश दिनांक 19.4.04 के विरूद्ध इस न्यायालय में दिनांक 22—3—14 को अर्थात 9 साल से अधिक समय उपरांत पेश की गई है । प्रकरण में विलंब क्षमा का जो आवेदन है उसमें यह बताया गया है कि अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि का मावजा जांचकर बनाए जाने हेतु कहने पर पटवारी द्वारा दिनांक 6—3—14 को पट्टा निरस्त किये जाने की सूचना दी और इसलिए तत्काल नकल लेकर निगरानी पेश की गई है । आवेदक द्वारा बताया गया उक्त आधार ना तो विश्वसनीय है और ना ही विधिसम्मत । विलंब से प्रस्तुत प्रकरणों में दिन प्रतिदिन का स्पष्टीकरण आवश्यक है जो इस प्रकरण में नहीं है । अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत निगरानी अवधि बाह्य होने से अग्राह्य की जाती है । 2— आवेदक सूचित हों एवं आदेश की प्रति अधीनस्थ न्यायालय को भेजी जाये । (हस्ताक्षर) प्रशा0 सदस्य	